नीति आयोग (भारत सरकार) दर्पण आई डी- HR/2020/0252150 PAN NO. AAJAA8301J

AYK&VS NAHRI
Adarsh Yuva Khel and Vikas Samiti Nahri
हमारा प्रयास, एकता और विकास

# आदर्श युवा खेल एण्ड विकास समिति, नाहरी

(हरियाणा सोसायटी अधिनियम, 2012 के अंतर्गत पंजीकरण सं. HR 008 2020 01643)
समर्पित: खेल-कूद, महिला एवं बाल-उत्थान, प्रौढ़ शिक्षा और सामाजिक कार्य
कार्यालय पता: पाना-मिल्हाण, गाँव-नाहरी, नजदीक बस स्टैंड, मेन रोड, जिला-सोनीपत, हरियाणा-131103
8368809207, 9871022495
aykvsnahri@gmail.com aykvsnahri@gmail.com @aykvsnahri www.aykvsnahri.org

सर्वप्रथम, हमें आपको यह बताते हुए खुशी होगी कि **हमारा गाँव नाहरी, जो दिल्ली की सीमा से सटे हरियाणा का पहला गाँव है, जो कि सोनीपत जिले के अंतर्गत आता है।** इसलिए, हम हरियाणा में रहकर यहाँ की हरी–भरी जमीन और स्वच्छ पानी, हवा आदि का आनंद ले रहे हैं। इसके साथ ही साथ देश की राजधानी और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की भी कई सेवाओं का भरपूर लाभ लेने में भी सक्षम हैं, जिसमें मुख्य रूप से शामिल हैं – रोजगार, शिक्षा, परिवहन आदि। गाँव की सीमा पर दिल्ली परिवहन निगम की बस सेवा 500 मीटर पर, नरेला रेलवे–स्टेशन 4 से 5 किलोमीटर, समयपुर बादली दिल्ली मेट्रो रेल सेवा 20 किलोमीटर, छत्रसाल स्टेडियम 25 किलोमीटर और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली 55 किलोमीटर पर है। इसके अलावा, ई–रिक्शा, ग्रामीण सेवा आदि जैसे वाहन भी उपलब्ध हैं। इन सभी सुविधाओं के कारण, कई बार हमारे बुजुर्ग हमें एक उदाहरण देते हैं (कहते हैं) कि " **हम स्वर्ग की धरती पर बसते हैं"।**

इसके विपरीत, हमारा गाँव इतना समृद्ध होने के बावजूद कई चीजों / कमियों से अछूता है। मुख्य कारणों में से एक **"जागरूकता की कमी और उचित मार्गदर्शन"** कहा जा सकता है। गाँव का एक बड़ा वर्ग नौकरी–पेशे वाला है, लेकिन उच्च पदों का अभाव है। यहाँ से हम अच्छे खिलाड़ी लड़के और लड़कियों को प्राप्त कर सकते हैं यदि प्रयास और सही समय पर मार्गदर्शन और पुरानी सामाजिक विचारधारा या सोच को बदलने का है, जिसमें लड़कियों को बारहवीं कक्षा करते या करते समय शादी के बंधन में बाँध दिया जाताथा और

लड़कों को हमारे किसान और मजदूर भाई अपने साथ कड़ी मेहनत पर लगा लेते थे। जिससे उनका सर्वांगीण विकास न होकर पढ़ाई में कमजोर और सही समय पर किसी खेल का चयन न कर पाने के कारण से सामान्य जीवन या संघर्ष करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। जिसके परिणामस्वरूप, कई बार, नशे और जुए जैसी बुरी आदतों के शिकार हो जाते हैं।

## * एक सामाजिक पहल *

उपरोक्त बातों पर जब सामाजिक बुद्धिजीवियों द्वारा विचार किया गया, तो कुछ लोगों के एक संगठन का गठन किया गया और सभी महत्वपूर्ण विषयों का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद, यह निष्कर्ष निकाला गया कि आज इस समाज, गांव और उसके सभी निवासियों का उत्थान और सर्वांगीण विकास हेतू एक संगठन की आवश्यकता है, जिसे हम एक गैर–सरकारी संगठन के रूप में देख सकते हैं, अंततः वह भाग्यशाली दिन गांव को मिला और **इस गांव में सरकार से पंजीकृत पहली समिति दिनांक 27 सितंबर 2019 को "ADARSH YUVA KHEL AND VIKAS SAMITI, NAHRI" (हरियाणा सरकार के HRRS ACT, 2012 के तहत पंजीकृत) का नामकरण हुआ।** इसके बाद समिति को 12 फरवरी 2020 को **पंजीकरण संख्या HR 008 2020 01643** अंतिम पंजीकरण के रूप में प्राप्त हुआ । इस बीच, समिति के पास आयकर विभाग से एक स्थायी खाता संख्या (पैन कार्ड), भारतीय स्टेट बैंक का करंट अकाउंट और **01.12.2019 को कार्यालय का उद्‌घाटन** का अवसर मिल सका । दिनांक **17 फरवरी 2020** को **भारत सरकार के NITI Aayog, में NGO Darpan Unique ID HR/2020/0252150 भी प्राप्त किया।** वर्तमान में, समिति गाँव में खेल, विकास के साथ–साथ बुराइयों की समाप्ति, एकता और भाई–चारे को बढ़ावा देने और सौहार्द भरा वातावरण कायम करने के लिए सदैव तैयार है। अपने प्रयासों तथा अवरुध सामाजिक कार्यों को पूरा करने में अग्रसर है।

- आदर्श युवा खेल एण्ड विकास समिति नाहरी के नाम का रजिस्ट्रेशन 27 सितम्बर 2019 को कराया गया। 1 दिसम्बर 2019 को 45 मेम्बर के साथ समिति के कार्यालय का उद्धघाटन किया गया।



**Department of Industries & Commerce, Haryana**

Form-I-A
"Approval of Name"
(See sub-rule (2) of rule 3)

NEERAJ KUMAR — H.NO 806 VPO NAHRI

Memo Number : 2019-09-007182 — Dated : 27-Sep-2019

**Subject : Approval of name for the proposed Society**

Dear Sir,

Kindly refer to your application dated 25-Sep-2019 for approval of name of your proposed society. Having examined the same, I am pleased to inform you that the following name has been approved against your application, namely:-


ADARSH YUVA KHEL AND VIKAS SAMITI, NAHRI

2. This approval shall remain valid for a period of 180 days from the date of issue of this letter, whereafter the same shall lapse.

3. Accordingly, you may take further necessary steps for the registration of the Society within a period of 180 days from the date of issue of this letter.

Issuing Authority
District Registrar,
Sonipat, Haryana.

Verification Link: https://haryanaindustries.gov.in/msme/verify/societyapprovalname/id/147343



**Department of Industries & Commerce, Haryana**

Form-II

"Certificate of Registration to be issued under Section 9(1) of the Haryana Registration and Regulation of Societies Act, 2012"

(See rule 5 and rule 6)

**Certificate of Registration of Society**

I hereby certify that a Society bearing the Registration Number and name as undermentioned has been registered this [12] day [Feb] month [2020] year under the Haryana Registration and Regulation of Societies Act, 2012 (Haryana Act No. 1 of 2012).

| State Code | | District Code | | | Year Of Registration | | | | Registration Number | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| H | R | 0 | 0 | 6 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 6 | 4 | 3 |

| Name Of the Society | Registered Office Address |
|---|---|
| ADARSH YUVA KHEL AND VIKAS SAMITI, NAHRI | GRAM SACHIVALYA NAHRI |

Issued under my hand at [Sonipat] this [12] day of (month)[Feb] (Year)[2020] having Unique Identification Number - 2000141508


Issuing Authority,
District Registrar, , Haryana.

**SOME IMPORTANT PROVISIONS OF THE HRRS ACT 2012 TO BE FOLLOWED :**

- One Flat one vote.
- Collegium Scheme to be approved from District Registrar if members strength is more than 1000.
- Administrator if appointed will not enroll new members, incur capital expenditure and give employment in the society.
- Terms of Governing Body not to be more than 3 years.
- Member to be not less than 21 year age.
- Office bearers of society (Three to twenty one).
- General Body and other meeting should be conducted with quorum i.e 1st meeting - 40%, 2nd meeting - 25% and 3rd meeting - 15% (see entire Provisions)
- Submission of mandatory Annual Returns i.e. list of members, list of members of collegium, list of office bearers, Annual Report on working, Balance Sheet & Auditors Report, Copy of special resolution otherwise shall attract penalties & fines as per provisions of Act.
- In case of Joint Apartment owners, 1st owner will be eligible to contest the elections.
- Proxy voting not allowed.
- Condominium/ Association covered under Apartment Ownership Act 1983 is to be formed by owners only.
- Election observer may be appointed by District Registrar or on request of Society

Verification Link: https://haryanaindustries.gov.in/msme/verify/societyregistration/id/141508/reg/06-006-2020-01643

- समिति का पंजीकरण हरियाणा सरकार के HRRS ACT, 2012 के अंतर्गत 12 फरवरी 2020 में संपन्न हुआ।
- दिनांक **17 फरवरी 2020** को **भारत सरकार के NITI Aayog, में NGO Darpan Unique ID HR/2020/0252150 भी प्राप्त किया।**



➢ दिसम्बर 2019 में ही NIFTEM, KUNDLI के प्रोफेसर और स्कॉलर्स की टीम ग्रामीणों के साथ 2 सप्ताह के लिए गॉव मे रही और हर तरह के स्वरोजगार कार्यो  पर विचार विमर्श किया गया जिसमे ग्रामीणो और विद्धार्थियों को स्वरोजगार हेतू प्रोत्साहित किया इसके समापन में लडकियों के सरकारी स्कूल नाहरी मे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमे NIFTEM, KUNDLI के वाईस चांसलर द्वारा विधार्थियों को पुरस्कार वितरित किये गये।





➢ समिति के अथक प्रयास से ही गॉव में एक विवादित गली जोकि विवादो मे घिरी थी उसका निर्माण कार्य पूरा कराया गया ताकि गॉव में एकता व भाईचारा रखने का संदेश दिया जा सके।

- 5 जनवरी 2020 को गॉव के ईट भटठे पर मजदूर वर्ग को 100 कम्बल वितरित किये गये और वही पर उनके व उनके परिवार के लिए दोपहर के भोजन का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम मे समिति के प्रयास की सराहना करते हुए ग्रामीणो ने भी बढ चढ कर भाग लिया। जिससे प्रोग्राम का आयोजन बहुत ही सरलता से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।









6 26 जनवरी 2020 को गॉव मे गणतंत्र दिवस मनाया गया जिसमें ध्वजारोहण व प्रसाद वितरण के बाद बच्चो की दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद समिति के माध्यम से नोबल बलड़ बैंक द्वारा रक्तदान और मुफ्त स्वास्थय जांच शिविर लगाया गया। जिसमे 100 से अधिक यूनिट रक्तदान करने वाले को अल्पाहार दिया गया। व लगभग 250 ग्रामीणो की मुफ्त स्वास्थय जांच कर उन्हे मुफ्त दवाईयां भी दी गई। अन्त मे सभी के लिये दोपहर के भोजन का आयोजन किया गया।





आदर्श युवा खेल एंड विकास समिति नाहरी

**FEDERATION OF NARELA**
federationofnarela@gmail.com
Hide details

To: ajykvsnahri@gmail.com

Date: 26 January 2020, 15:10

प्रेस नोट

सोनीपत के नाहरी गांव में आदर्श युवा खेल एंड विकास समिति द्वारा आज गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में झंडारोहण किया व रक्तदान शिविर एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में गांव के युवा बुजुर्ग एंड महिलाएं बच्चों ने इसमें भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और युवाओं ने रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान कर सहयोग किया समिति का उद्देश्य युवाओं में रक्तदान करने के प्रति जागरूक करना व लोगों को हेल्थ सुविधाएं मुहैया कराना है। इस कैंप में आज लगभग रक्तदान शिविर की संख्या 97 रही है 260 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और दवाइयां ली और समिति की ओर से इस फ्री कैंप में लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई इस कैंप में डॉक्टर सुभाष खत्री, डॉ प्रदीप कुमार, डॉक्टर दिनेश राणा ने लोगों का हेल्थ चेकअप किया जिसका लोगों ने भरपूर लाभ उठाया रक्तदान शिविर नोबल ब्लड बैंक की ओर से किया गया है। अतिथियों में आए हुए फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी के अध्यक्ष जोगीन्द्र दहिया ने समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की और आशा करते हैं। आगे भी समिति इसी प्रकार के आयोजन कर आम जनता को अपनी सेवाएं देती रहे। ग्राम प्रधान महेश शर्मा का है। इस संस्था का उद्देश्य रक्तदान करने के प्रति जागरूक करना और लोगों को सुविधा मुहैया कराना है। इनकी है

यह पहल बहुत ही सराहनीय है। महासचिव नरेन्द्र दहिया का कहना है। हमारी समिति इस प्रकार के आयोजन हर साल कराती रहती है समिति का उद्देश्य आम जन को सुविधाएं मुहैया कराना है। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष नीरज कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों एवं डॉक्टर्स और सहयोगियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया। इस मौके पर उपस्थित रहे। शमशेर सिंह, संदीप, राम कुमार ,प्रदीप प्रिंसिपल, विनोद, प्रदीप कुमार, सत्तू कबड्डी कोच उपस्थित रहे।

# सोनीपत के नाहरी गांव में रक्तदान शिविर एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया



/प्रेस की ताकत ब्यूरो।
सोनीपत के नाहरी गांव में आदर्श युवा खेल एंड विकास समिति द्वारा आज गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में झंडारोहण किया व रक्तदान शिविर एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में गांव के युवा बुजुर्ग एंड महिलाएं बच्चों ने इसमें भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और युवाओं ने रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान कर सहयोग किया समिति का उद्देश्य युवाओं में रक्तदान करने के प्रति जागरूक करना व लोगों को हेल्थ सुविधाएं मुहैया कराना है। इस कैंप में आज लगभग रक्तदान शिविर की संख्या 97 रही है 260 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और दवाइयां ली और समिति की ओर से इस फ्री कैंप में लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई इस कैंप में डॉक्टर सुभाष खत्री, डॉ प्रदीप कुमार, डॉक्टर दिनेश राणा ने लोगों का हेल्थ चेकअप किया जिसका लोगों ने भरपूर लाभ उठाया रक्तदान शिविर नोबल ब्लड बैंक की ओर से किया गया है। अतिथियों में आए हुए फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी के अध्यक्ष जोगीन्द्र दहिया ने समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की और आशा करते हैं। आगे भी समिति इसी प्रकार के आयोजन कर आम जनता को अपनी सेवाएं देती रहे। ग्राम प्रधान महेश शर्मा का है। इस संस्था का उद्देश्य रक्तदान करने के प्रति जागरूक करना और लोगों को सुविधा मुहैया कराना है। इनकी है
यह पहल बहुत ही सराहनीय है। महासचिव नरेन्द्र दहिया का कहना है। हमारी समिति इस प्रकार के आयोजन हर साल कराती रहती है समिति का उद्देश्य आम जन को सुविधाएं मुहैया कराना है। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष नीरज कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों एवं डॉक्टर्स और सहयोगियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया। इस मौके पर उपस्थित रहे। शमशेर सिंह, संदीप, राम कुमार ,प्रदीप प्रिंसिपल, विनोद, प्रदीप कुमार, सत्तू कबड्डी कोच उपस्थित रहे।



➢ 7. 31 जनवरी 2020 को गॉव मे Pond Authority Chandigarh सदस्य श्री तेजेन्द्र सिंह. S.D.O. & J.E. Irrigation Department और प्रो० श्री विजय कुमार शर्मा DCRUST University, Murthal का दौरा हुआ। यह कार्यक्रम पूरी तरह से समिति द्वारा आयोजित किया गया। सभी अधिकारियों ने गॉव में तीन तालाबो को चिन्हित किया और इनको नया रूप देने का आश्वासन दिया गया। नाहरी गॉव ने समिति के प्रयासो से एक तालाब सैय्यद का नक्शा भी बनवाया गया जिसकी लगभग 3 करोड रू धनराशि की फाईल अनुमोदन के लिये चंडीगढ भेज दी गई है।











धर्म . समाज . संस्था . सिटी स्पोर्ट्स

# ग्रामीण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा नाहरी, चारों तरफ लगेंगे पौधे व सोलर लाइटें

## हरियाणा पौंड एवं वाटर वेस्ट मैनेजमेंट ऑर्थोटी, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा की टीम ने किया दौरा

भास्कर न्यूज | राई

नाहरी गांव को प्रदेश का पहला ग्रामीण पर्यटन स्थल बनाने की पहल शुरू हो गई है। गांव के जोहड़ों का चयन प्रदेश के पहले मॉडल पौंड के लिए किया गया है। जोहड़ का डिजाइन बनाने के लिए दीनबंधु छोटूराम साइंस एवं तकनीकी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर विजय शर्मा की टीम काम कर रही है। शुक्रवार को हरियाणा पौंड एवं वॉटर वेस्ट मैनेजमेंट अथॉरिटी, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के सदस्य तेजेंद्र सिंह तेजी ने गांव का दौरा किया और ग्रामीणों को इस प्रोजेक्ट की जानकारी दी।

हरियाणा पौंड एवं वॉटर वेस्ट मैनेजमेंट अथॉरिटी, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के सदस्य तेजेंद्र सिंह तेजी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने अपने नए प्रोजेक्ट के लिए गांव की आबादी के बीच गंदा तालाब बन चुके जोहड़ों का विकास करने का निर्णय लिया है। इसमें नाहरी गांव के जोहड़ को सरकार मॉडल पौंड के रूप में विकसित करेगी। इस प्रोजेक्ट के तहत नाहरी गांव के जोहड़ को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा। इसके लिए वाकलाना परिसम जमुना नहर से पाइप लाइन दबाई जाएगी। जिससे जोहड़ को साफ व स्वच्छ पानी दिया जा सके। सरकार इस गांव को ग्रामीण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। इनके साथ एसडीई राजीव बत्रा, एसडीओ मोहित वशिष्ठ, प्रोजेक्ट टीम इंचार्ज विजय शर्मा, नाहरी गांव की सरपंच लता देवी, पाना सि खान के सरपंच सुनील दहिया, पूर्व सरपंच महेश शर्मा, आदर्श युवा खेल समिति के प्रधान नीरज, काला पहलवान, नरेंद्र आदि मौजूद थे।


**प्रदेश का पहला गांव, जहां यह मॉडल पौंड बनेगा :** दीनबंधु साइंस एवं तकनीकी के प्रो. विजय शर्मा ने बताया कि नाहरी गांव का यह पौंड प्रदेश का पहला विकसित पौंड होगा। हरियाणा पौंड एंड वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट अथॉरिटी के तहत गांवों के जोहड़ों को दोबारा जिंदा करने का प्रयास है। इसके तहत हर जिले में दो- दो मॉडल पौंड बनाए जाएंगे। इसमें पशुओं व लोगों के लिए अलग- अलग घाट बनाया जाएगा। जिसके पीछे इसे एक पवित्रता रखना है। कच्चे पौंड को पत्थर को जमीन के अंदर ही बिछाया जाएगा। जमीन में कटाव रोका जाएगा। जोहड़ की चारदीवारी बनाई जाएगी। पानी के अंदर पौधों के प्लांट लगाएं जाएंगे।

राई. नाहरी गांव के जोहड़ का निरीक्षण करते पहुंची हरियाणा पौंड एवं वॉटर वेस्ट मैनेजमेंट अथॉरिटी व स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा की टीम।

### चारों ओर लगेंगे औषधीय पौधे, बनेगा वॉकिंग ट्रैक

हरियाणा पौंड एवं वॉटर वेस्ट मैनेजमेंट ऑथोरिटी, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के सदस्य तेजेंद्र सिंह तेजी ने बताया कि जोहड़ के चारों तरफ औषधि के पौधे लगाए जाएंगे। वॉकिंग के लिए ट्रैक बनाया जाएगा। हर्बल पार्क भी विकसित होगा। जोहड़ को सोलर लाइटिंग से जोड़ा जाएगा। जोहड़ के साथ लगते पुराने कुएं को भी जिंदा किया जाएगा और इसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा।




Concept Design and Abstract Estimate for
Redevelopment, Rejuvenation and Beautification of Sayeed Wala Water Pond
Village Nahri ,
Block Rai , Distt Sonepat
Consultant Architect
Prof(Dr.) Vijay Kumar
Faculty of Architecture , Urban and Town Planning
D.C.R.University of Sc.&Tech.
Murthal Sonepat , Haryana
skvijayarch@gmail.com, 9416232747


PROPOSED DESIGN FOR DEVELOPMENT &REJUVENATION OF WATER POND AND LANDSCAPE OF POND LAND OF SAYEED JOHAD , VILLAGE NAHRI, DISTT.SONEPAT


PROPOSED DESIGN FOR DEVELOPMENT &REJUVENATION OF WATER POND AND LANDSCAPE OF POND LAND OF SAYEED JOHAD , VILLAGE NAHRI, DISTT.SONEPAT


PROPOSED DESIGN FOR DEVELOPMENT &REJUVENATION OF WATER POND AND LANDSCAPE OF POND LAND OF SAYEED JOHAD , VILLAGE NAHRI, DISTT.SONEPAT



- 08 फरवरी 2020 को ग्राम पंचायत नाहरी और समिति के अथक प्रयासो से गॉव नाहरी मे मैन रोड पर पंचायती जमीन पर ज्ञान केंद्र  (नौलेज सैन्टर) की नींव की ईंट श्री मोहन लाल बडोली, विधायक राई के हाथों से रखी गई। इसके बाद विधायक राई ने समिति और ग्रामीणो के साथ एक बैठक की और हर संभव कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया।







- **गऊशाला सिसाना** – समिति के कुछ पदाधिकारीयों द्वारा सिसाना गऊशाला मे दौरा किया तो वहां पाया गया कि गऊशाला मे ठीक से पशु एम्बुलेन्स नही थी और कोई रिकार्ड भी पूरा नही था। समिति के प्रयासो से नई एम्बुलेन्स का प्रस्ताव पास करा कर नई एम्बुलेन्स दिलवाई गई और भविष्य मे रिकार्ड भी अच्छी तरह से पूरा रखने का आश्वासन लिया गया।

- समिति के प्रयासो से ही ग्रमीणो और ग्राम पंचायत नाहरी के सभी सदस्यो की **खुली बहस** करवाई गई। और ग्रामीणो की जो समस्या थी उनको मौके पर ही हल कराया गया और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन कराने का आश्वासन लिया गया।

- 22 मार्च 2020 को समस्त देश मे लॉकडाउन भारत सरकार द्वारा लगा दिया गया और इसके बाद भारत सरकार ने लॉकडाउन को अनिशचितकालीन कर दिया। इसी दौरान ग्राम पंचायत नाहरी और उपायुक्त सोनीपत द्वारा हर गॉव मे ठिकरी पहरा देने का आदेश पारित किया। ग्राम पंचायत नाहरी ने समिति से इस कार्य को पूरा करने के लिये मदद मांगी। इस कार्य को समिति ने पूरी ईमानदारी व लगन से पूरा किया जिसकी प्रसंशा खुद उपायुक्त महोदय D.M., S.D.M., S.H.O. Kundli, S.H.O. Narela, and S.D.M. Alipur ने मौके पर की थी। इस लॉकडाउन के दौरान पूरे गॉव को 4 बार सैनेटाईज किया गया तथा गॉव में समिति द्वारा जागरूकता अभियान व घर – घर जा कर सैनेटाइजर व मास्क का वितरण किया गया। सभी चैकपोस्ट पर जलपान का पूरा प्रबंध किया गया जिसका सारा खर्च समिति और ग्राम पंचायत नाहरी द्वारा किया गया। लॉकडाउन के दौरान पूरा एक महिना मुफ्त भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा की गई तथा समस्त गॉव को एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए एक मिशाल कायम की गई।



**ग्राम पंचायत**

गांव नाहरी जिला सोनीपत (हरियाणा)

क्र.स.: ..............

दिनांक 2.4.2020

सरपंच
लता देवी
ग्राम पंचायत नाहरी

आज दिनांक 2-4-2020 को ग्राम पंचायत नाहरी की तरफ से आदर्श युवा खेल एवं विकास समिति गाँव नाहरी जो कि एक रजिस्टर्ड संस्था है। ग्राम पंचायत नाहरी की तरफ से जो गाँव के युवा इस लॉकडाउन मे उपायुक्त सोनीपत की तरफ से गाँव मे जो ठेकरी पहरा लगाने के आदेश पारित किए गए है जिसमे गाँव के अंदर किसी बाहरी व्यक्ति की आवा-गमन पूर्ण से बंद कर दिया गया है और किसी भी बाहरी व्यक्ति को गाँव मे नहीं आने दिया जाए। इसके लिए आदर्श युवा खेल एवं विकास समिति द्वारा समिति के सदस्यो को अधिकृत किया जाता है।

हस्ताक्षर

- समिति के प्रयासो द्वारा गॉव के 2 तालाबों में पानी का भराव किया गया जिसमें पानी को तालाब तक लाने का केई विकल्प नही था फिर भी समिति ने पूरी महनत कर इस कार्य को सम्पूर्ण रूप दिया।





13º गॉव में सिम्बल नामक जगह पर एक एकड पंचायती जमीन पर किसी ग्रमीण का नाजायज कब्जा था जिसे समिति के लगातार प्रयासो से इसकी साफ सफाई कर के 12 अगस्त 2020 को इस जमीन का भूमि पूजन कर पहलवानों के लिए अखाडा और वॉलिवॉल ग्राउण्ड भी तैयार किया गया।यहा पर पानी की व्यवस्था के लिये सम्बर्सिबल लगवाया और एक होद्दी का निर्माण भी कराया गया।इसी स्थान पर वन विभाग हरियाणा की मद्द से समिति ने लगभग 200 पेड लगवाए और उनकी सुरक्षा के लिये चारो तरफ कांटेदार तार लगवाएं गए तथा इनकी देख–रेख की जिम्मेवारी भी समिति द्वारा ली गई।आज यहां पर नाहरी गॉव और आस– पास के दूसरे गॉव के बच्चे भी व्यायाम करके खेल–कूद का आनन्द लेते है।







# वालीबाल प्रतियोगिता में लड़कियों ने दी लड़कों को मात



*मैच जीतने के बाद खिलाड़ियों के साथ मौजूद विकास समिति के सदस्य व अन्य।*

सोनीपत, 12 अगस्त (विकास): जन्माष्टमी के अवसर पर नाहरी गांव में विकास समिति द्वारा वालीबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन आई.टी.आई. के प्रिंसीपल प्रदीप कुमार व प्यारे लाल ने किया। इस दौरान वालीबॉल मैच में लड़कियों की टीम ने लड़कों की टीम को 2-0 से मात दे दी। लड़कियों में नीतू, प्रियंका, शिवानी, दीपिका, ज्योति, कोमल, रेनू, स्नेहा आदि खिलाड़ी नैशनल लैवल पर भी अपने खेल की प्रतिभा दिखा चुकी हैं। खेल प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे अनिल ने कहा कि गांव की लड़कियों ने अपने खेल से साबित कर दिया है कि वे किसी से भी कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गांव में लड़कियां अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर चुकी हैं और प्रतियोगिता में भी उन्होंने मैच जीत कर साबित कर दिया है कि उनमें आगे बढ़ने की काबिलियत है। इस दौरान विकास समिति के प्रधान नरेन्द्र, जिला पार्षद प्रमोद, कुलदीप ठेकेदार, साहब सिंह, देशराज, रविन्द्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

➢ 15 अगस्त 2020 को गॉव मे ध्वजारोहण व प्रसाद वितरण के बाद बच्चो कि 2 कि0मी0 की दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि डा0 देवेन्द्र सिंह दहिया (Director, Students Welfare, Ch. Charan Singh Haryana Agricultural University, Hissar) श्री ईश्वर सिंह दहिया (Deputy Director, D.D.A.), श्री राजेश दहिया (Sr. Asst. Director S.F.I.O. Govt. of India) व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आकर समारोह की शोभा बढाई इसके बाद श्री ईश्वर सिंह दहिया जी ने 10वीं तथा 12वीं कक्षा में प्रथमÊ द्वितियÊ तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 14 विद्यार्थियों को नकद पुरस्कारÊ सर्टिफिकेट तथा उपहार प्रदान किए। डा0 देवेन्द्र दहिया जी ने खेलो में प्रथमÊ द्वितियÊ तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को स्पोर्टस–किट और ट्रॉफीयां प्रदान की।













सामाजिक कार्य



- **समिति द्वारा अक्टूबर–नवम्बर 2020 में बेरोजगार युवाओं हेतू 03 कैरीयर कांउसलिंग सैशन चलाए गए।**

1 प्रथम सैशन में श्री अरूण कुमार कस्टम इन्सपेक्टरÊ श्री विजय दहिया एडवोकेट द्वारा युवाओं को रोजगार हेतू सम्बोधित किया गया।





निवासी दुर्गा कालोनी बीसवां मील को गिरफ्तार कर लिया था और लूटी गई नकदी के 2800 रूपये भी बरामद कर लिये थे।

## कैरियर काऊंसलिंग सैशन का आयोजन

राई, 26 अगस्त (विपिन पालीवाल) : गांव नाहरी स्थित आदर्श युवा खेल एवं विकास समिति द्वारा नाहरी द्वारा कैरियर कॉउन्सलिंग सैशन का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के कई विधार्थीयों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गांव के युवाओं को स्र्वणीय भविष्य बनाने लिए के सहयोग देना एवं उनका मार्ग दर्शन करना था। आयोजन में अधिवक्ता मुकेश , विजय एवं अरुण ने निजी एवं सरकारी संस्थानों के बारे में विभिन्न जानकारी देते हुए बताया कि छात्र किस तरह से और कैसे खुद को सफल बना सकते हैं। समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका प्रयास भावी पीढ़ी की सोच में बदलाव लाना और हर काम का सम्मान करते हुए खुद का दायरा बढ़ाना हैं। यह आयोजन लगातार हर सप्ताह तोड़ वाली चौपाल नाहरी में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समिती के प्रजिडेन्ट नीरज कुमार, सदस्य सुशील कुमार, नरेश, दीपक एवं रोहित आदि मौजूद थे।

## श्री राधा अष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया

पानीपत, 26 अगस्त (वीरेन्द्र



2 द्वितिय सैशन में श्री प्रदीप कुमार प्रिंसिपल़ आई टी आई खरखोदा, द्वारा युवाओं को रोजगार हेतू सम्बोधित किया गया।



3 तृतीय सैशन में डा0 विवेक लोहचब़, बीडीएस, श्री विजेता दहिया, लेखक व पूर्व एएसओ द्वारा युवाओं को रोजगार हेतू सम्बोधित किया गया।



